क्रम-संख्या—80 (क)

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस0एस0पी0/एल0-डब्लू/एन0पी0—91/2014—16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

### विधायी परिशिष्ट

**भाग—4, खण्ड (ख)**

(परिनियत आदेश)

**लखनऊ, सोमवार, 25 अप्रैल, 2022**

बैशाख 5, 1944 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

**औद्योगिक विकास अनुभाग—4**

संख्या 750/77-4—22-10लीडा-20

लखनऊ, 25 अप्रैल, 2022

अधिसूचना

प0आ0—104

चूंकि राज्य सरकार यूपीसीडा में अधिसूचित पूर्ववर्ती लीडा महायोजना—2031 में उत्तर प्रदेश पुलिस और फोरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक भू—उपयोग को इंस्टीट्यूशन/पब्लिक/सेमी पब्लिक भू—उपयोग में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में दैनिक समाचार—पत्रों ''दैनिक जागरण'' एवं ''अमर उजाला'' के दिनांक 23.01.2021 के संस्करण में सूचना प्रकाशित करायी गयी थी और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर जन सामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राधिकरण को प्राप्त नहीं हुआ। अतः प्रकरण में आपत्ति एवं सुझाव के अभाव में समिति के गठन का औचित्य नहीं पाया गया।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फारेंसिक साइंस में रूपान्तरित किये जाने से पूर्व जन सामान्य से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन दिनांक 10.11.2021 को दैनिक जागरण एवं अमर उजाला में प्रकाशित कराया गया है और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर जन सामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राधिकरण को प्राप्त नहीं हुआ है। अतः प्रकरण में आपत्ति एवं सुझाव के अभाव में समिति के गठन का औचित्य नहीं पाया गया।

अतएव, अब, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांक 11.12.2014 भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण नियमावली, 2014, जो यूपीसीडा द्वारा अंगीकृत है, के प्रस्तर 7(2) के क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फारेंसिक साइंस द्वारा ग्राम पिपरसण्ड, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ के आराजी सं0 2406 के आंशिक भाग कुल क्षेत्रफल 20.234 हे0 भूमि का भू–उपयोग महायोजना–2031 में औद्योगिक से इंस्टीट्यूशनल / पब्लिक / सेमी पब्लिक में संशोधित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

## अनुसूची

| ग्राम का नाम | आराजी संख्या | भू–उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित गाटा का क्षेत्रफल (हे0 में) | भूमि का वर्तमान भू–उपयोग महायोजना–2031 में | परिवर्तित भू–उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| ग्राम पिपरसण्ड परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर, लखनऊ | 2406 के आंशिक भाग | 20.234 | औद्योगिक | इंस्टीट्यूशनल / पब्लिक / सेमी पब्लिक |

आज्ञा से,
अरविन्द कुमार,
अपर मुख्य सचिव।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 61 राजपत्र–2022–(113)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 4 सा0 औद्योगिक विकास–2022–(114)–100–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।